प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में बढ़ते अपराध पर लिया संज्ञान, डीजीपी और रांची एसएसपी को किया तलब, आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने का दिया कड़ा निर्देश।
2. राज्य सरकार ने विभिन्न जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे 39 कैदियों को रिहा करने का किया फैसला, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई झारखंड राज्य पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में प्रस्ताव को मिली मंजूरी।
3. पवित्र महीना सावन की तीसरी सोमवारी पर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में तीन लाख से अधिक कांवरियों ने किया जलाभिषेक।
4. मौसम विभाग ने रांची, पलामू और सिमडेगा समेत कई जिलों में आज और कल भारी बारिश का अलर्ट किया जारी, लोगों को सतर्क रहने की सलाह।
5. पेरिस ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन पदक से चूके, आज हॉकी में पदक पक्का करने उतरेगा भारत।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपीकृष्ण और स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या और राजधानी में बढ़ते अपराध को गंभीरता से लिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीष सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान से मामले को जनहित याचिका में तब्दील करते हुए मौखिक रुप से राज्य पुलिस को बढ़ते अपराध को रोकने के लिए कड़ा निर्देश दिया। अदालत के निर्देश पर राज्य के प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता और रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए और बढ़ते अपराध पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी।

****

राज्य सरकार ने विभिन्न जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे 39 कैदियों को रिहा करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य पुनरीक्षण पर्षद की 31वीं बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के दौरान 74 कैदियों की रिहाई की समीक्षा की गयी। समीक्षा के बाद 39 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की जाये।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के पोर्टल में आ रही तकनीकी खामियों को तुरंत दूर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आवेदन जमा लेने के लिए प्रज्ञा केन्द्रों की भी संख्या बनाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह अनवरत चलने वाली योजना है। विशेष कैंप के बाद भी जरुरतमंद महिलाओं को योजना का लाभ दिया जायेगा।

****

इस बीच भाजपा ने मंइयां सम्मान योजना को लेकर मुख्यमंत्री पर तंज कसा है। पार्टी विधायक नीरा यादव ने कोडरमा में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि यह राज्य की महिलाओं के साथ छलावा है।

****

पवित्र सावन माह की तीसरी सोमवारी पर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में जलार्पण करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रात दस बजे तक श्रद्धालु बाबा का जलाभिषेक करते रहे। प्रशासनिक अनुमान के मुताबिक तीन लाख से ज्यादा कांवरियों ने जलाभिषेक किया।

****

पाकुड़ जिला, भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोगों को हुनरमंद बनाने में जुटा है।

****

राज्य के कई जिलों में आज और कल भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही लोगों को सतर्क रहने की भी सलाह दी गयी है। आज जिन जिलों में बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है उनमें सिमडेगा, सरायकेला–खरसांवा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, देवघर और धनबाद भी शामिल हैं जबकि कल रांची के अलावा पलामू, गढ़वा चतरा और लातेहार के इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

****

पेरिस में चल रहे 33वें ओलंपिक खेलों का जश्न मनाने के लिए संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने चार स्मारक डाक टिकटों का एक सेट जारी किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा सरकार खेलो इंडिया जैसी पहल के साथ देश भर से प्रतिभाओं का पोषण कर रही है, जो एथलीटों को आवश्यक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

****

पेरिस ओलिंपिक में आज भारतीय खिलाड़ी हॉकी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस और कुश्ती की स्पर्धाओं में भाग लेंगे। इससे पहले कल बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन कांस्य पदक जीतने से चूक गये।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बांग्लादेश में तख्तापलट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान लिखता है– बांग्लादेश में बगावत।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– हसीना ने देश छोड़ा, पीएम आवास में घुसे प्रदर्शकारी, अब सेना चलायेगी सरकार।

प्रभात खबर की सुर्खी है– मुख्यमंत्री ने मंइयां योजना के लिए कैंप की तिथि 15 तक बढायी, इसके बाद भी जमा होगा आवेदन।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बांग्लादेश में तख्तापलट।

रांची एक्सप्रेस ने 39 कैदियों को रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी बांग्लादेश में बगावत की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****